दैनिक

# नज़रिया खबर

*भारत सरकार के डीएवीपी व राज्य सरकार द्वारा विज्ञापन के लिए मान्यता प्राप्त*


पेज-04

RNI:UTTHIN/2008/25052

वर्ष:17 | अंक: 339 | देहरादून, रविवार 08 जून, 2025 | पृष्ठ:08 | मूल्य:1/रु. प्रति


## न्यूज डायरी

### रेड लाइट पर खड़ी कारों को टक्कर मारकर क्षतिग्रस्त करने का आरोपी चालक गिरफ्तार



**देहरादून।** छिद्दरवाला में शुक्रवार देर रात रेड लाइट पर खड़ी 6 गाड़ियों को पीछे से टक्कर मारकर छतिग्रस्त करने के आरोपी चालक को गिरफ्तार कर लिया गया है। इस हादसे में दो लोग भी घायल हुए थे। रायवाला थाना प्रभारी निरीक्षक बीएल भारती ने बताया कि देर रात हादसा हुआ था। जब रेड लाइट पर देहरादून की ओर से आ रहे वाहनों की कतार लगी हुई थी। इस दौरान पीछे से एक वैगनार कार तेज गति से आई। इस कार ने पीछे से आधा दर्जन कारों को टक्कर मार दी। टक्कर लगने से मौके पर अफरा तफरी मच गई थी। हादसे को अंजाम देने के बाद कार चालक नेपाली फार्म की ओर भाग गया था। सूचना मिलने पर नेपाली फार्म पर मौजूद पुलिस ने कार का पीछा किया। काफी देर तक पीछा करने के बाद हादसा करने भाग रही कार को रोक लिया। जांच में पता चला कि कार का ड्राइवर नशे में है। इसलिए उसका मेडिकल कराया गया। ड्राइवर की पहचान सुशील रयाल निवासी श्यामपुर ऋषिकेश के रूप में हुई है। ड्राइवर के खिलाफ कई धाराओं में मुकदमा दर्ज कर लिया गया है। साथ ही कार को भी सीज कर दिया है। क्षतिग्रस्त तीन कारों को पुलिस ने सुरक्षा की दृष्टि से रायवाला थाने में खड़ा कर दिया है। पुलिस ने इस मामले में अग्रिम जांच और कार्रवाई शुरू कर दी है।

# नैनीताल में 126 करोड़ की 27 विकास परियोजनाओं का मुख्यमंत्री धामी ने किया लोकार्पण एवं शिलान्यास

**नैनीताल (नजरिया खबर ब्यूरो)।** मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने शनिवार को लालकुआं, नैनीताल में आयोजित कार्यक्रम में नैनीताल जनपद की लगभग 126 करोड़ 69 लाख लागत की 27 विकास परियोजनाओं का लोकार्पण एवं शिलान्यास किया। इन परियोजनाओं में शिक्षा, सड़क, चिकित्सा, सिंचाई, सीवरेज, नगर विकास, सौंदर्यीकरण और निराश्रित गौवंश संरक्षण से जुड़ी योजनाएं शामिल हैं।

इस दौरान 25.93 करोड़ की लागत से 9 योजनाओं का लोकार्पण और 100.76 करोड़ की लागत से 18 योजनाओं का शिलान्यास किया। मुख्यमंत्री ने अपने संबोधन में कहा कि ये परियोजनाएं क्षेत्र की आधारभूत संरचना को मजबूत बनाएंगी और नागरिकों को बेहतर सुविधाएं उपलब्ध कराएंगी। उन्होंने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में हो रहे देशव्यापी विकास कार्यों की सराहना करते हुए कहा कि भारत आज रक्षा, विज्ञान, खेल और अवसंरचना सहित प्रत्येक क्षेत्र में अग्रणी बन रहा है।

उन्होंने 'ऑपरेशन सिंदूर', धारा–370 की समाप्ति और कश्मीर में रेल ब्रिज के निर्माण का उल्लेख करते हुए देश की बदलती शक्ति और संकल्प का उल्लेख किया।



योजनाओं का लोकार्पण व शिलान्यास करते मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी।

मुख्यमंत्री ने कहा कि नैनीताल जनपद को आदर्श जिला बनाने की दिशा में मानसिक चिकित्सालय, कैंसर संस्थान, आयुष अस्पताल, ओपन जिम, अंबेडकर पार्क, रिंग रोड, बाईपास रोड, एस्ट्रो पार्क, पोलिनेटर पार्क और खेल विश्वविद्यालय जैसी परियोजनाएं तेज़ी से क्रियान्वित की जा रही हैं। हल्द्वानी को क्लीन एंड ग्रीन सिटी बनाने के लिए वेस्ट मैनेजमेंट और सीवरेज प्रबंधन योजनाएं शुरू की गई हैं, जबकि जाम की समस्या को दूर करने के लिए मल्टी–स्टोरी पार्किंग का निर्माण कराया जा रहा है। जमरानी बहुउद्देश्यीय बांध परियोजना और खुरपिया में इंडस्ट्रियल स्मार्ट सिटी जैसे प्रयास तराई क्षेत्र को दीर्घकालिक लाभ देंगे। मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य सरकार केवल विकास ही नहीं, बल्कि सांस्कृतिक पहचान और सामाजिक समरसता की रक्षा के लिए भी पूर्णतः प्रतिबद्ध है।

शेष खबर पेज आठ पर देखे

## राज्यपाल पहुंचे सोबन सिंह जीना विश्वविद्यालय, विवि की तकनीकी जरूरतों पर की चर्चा



**नैनीताल/अल्मोड़ा।** राज्यपाल एवं कुलाधिपति लेफ्टिनेंट जनरल गुरमीत सिंह (से नि) का पहली बार सोबन सिंह जीना विश्वविद्यालय, अल्मोड़ा में आगमन हुआ। उन्होंने कुलपति, संकायाध्यक्षों एवं अधिकारियों के साथ संवाद कर विश्वविद्यालय की चुनौतियों, शोध, शिक्षा, संरचनात्मक विकास और नई तकनीकी जरूरतों पर विस्तार से चर्चा की। राज्यपाल ने विश्वविद्यालय में संसाधनों की कमी, प्रयोगशालाओं, पुस्तकालय और क्रीड़ा मैदान के उन्नयन की आवश्यकता को रेखांकित करते हुए हरसंभव सहयोग का आश्वासन दिया। उन्होंने आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस, साइबर सुरक्षा, मीडिया, जनसंचार एवं फोरेंसिक विज्ञान में प्रशिक्षण को बढ़ावा देने के निर्देश दिए। राज्यपाल ने कंप्यूटर विज्ञान विभाग की लैब का निरीक्षण कर साइबर क्षेत्र में गुणवत्ता बढ़ाने के निर्देश भी दिए। उन्होंने एनसीसी कैडेट्स, खिलाड़ियों और शिक्षकों की उपलब्धियों की सराहना की और कुलपति प्रो. सतपाल सिंह बिष्ट को शोध व अकादमिक दिशा में उत्कृष्ट नेतृत्व के लिए बधाई दी।

# राज्यपाल ने कसार देवी मंदिर में पूजा-अर्चना कर समस्त मानव कल्याण के लिए कामना की

**नैनीताल/अल्मोड़ा (नजरिया खबर ब्यूरो)।** राज्यपाल लेफ्टिनेंट जनरल गुरमीत सिंह (से नि) ने प्रसिद्ध कसार देवी मंदिर में पूजा–अर्चना की तथा समस्त मानव कल्याण के लिए कामना की।

राज्यपाल ने यहां ध्यान भी लगाया और इस शांत एवं दिव्य स्थान की प्रशंसा की। इस दौरान राज्यपाल ने कहा कि वह स्वयं को भाग्यशाली समझते हैं, कि उनको पुनः कसार देवी मंदिर आने का अवसर मिला। उन्होंने कहा कि यहां आकर एक अलग ही शांति का अहसास होता है। यह स्थान अपने आप में बहुत



कसार देवी मंदिर में पूजा–अर्चना करते राज्यपाल।

अलौकिक है। यहां की दिव्यता एवं शांति लोगों को आकर्षित करने वाली है। स्वामी विवेकानंद जी जैसे महान व्यक्तित्व ने यहां आकर ध्यान लगाया था, यह इस क्षेत्र की दिव्यता आध्यात्मिकता का प्रमाण है। यहां की प्राचीन परंपराएं एवं गाथाएं मंत्रमुग्ध कर देने वाली हैं। राज्यपाल ने देश–विदेश के पर्यटकों से अपील की है कि वे यहां जरूर आएं और इस स्थान की दिव्यता का अनुभव करें। अल्मोड़ा में जागेश्वर धाम, गोलू मंदिर, कटारमल जैसे कई अन्य प्रसिद्ध पर्यटक स्थल हैं।

राज्यपाल ने कहा कि पर्यटकों को यहां आकर इन क्षेत्रों के आध्यात्मिक और पौराणिक महत्व को जानना चाहिए। यहां आकर एक अलग ही अनुभूति का अहसास होता है। इसके उपरांत राज्यपाल लेफ्टिनेंट जनरल गुरमीत सिंह (से नि) ने अल्मोड़ा जनपद के काकड़ीघाट स्थित ऐतिहासिक ज्ञानवृक्ष (पीपल) पर जलाभिषेक कर पूजा–अर्चना की। इसके पश्चात उन्होंने कर्कटेश्वर मंदिर में भी दर्शन कर पूजा–अर्चना की।

राज्यपाल ने कहा कि काकड़ीघाट एक अद्भुत ऊर्जा और शांति से परिपूर्ण स्थान है। यहां आकर आत्मिक शांति और विवेकानन्द जी के विचारों को आत्मसात करने का अनुभव प्राप्त हुआ। राज्यपाल ने कहा कि हर स्थान की अपनी एक विशिष्ट पहचान होती है। यहां आकर स्वामी विवेकानन्द जी की उस ऐतिहासिक साधना स्थली को देखने और अनुभव करने का सौभाग्य मिला।

# संपादकीय

## मद्रासी कैंप पर बुलडोजर एक्शन

दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने रविवार को कहा कि मद्रासी कैंप में चलाया गया ध्वस्तीकरण अभियान अदालत के निर्देशों का सख्ती से अनुपालन करते हुए किया गया। उन्होंने कहा कि अदालत ने राजधानी में भविष्य में बाढ़ से संबंधित आपदाओं को रोकने के उद्देश्य से बारापुला नाले को साफ करने के लिए इस झुग्गी बस्ती को चार बार हटाने का आदेश दिया था। मुख्यमंत्री गुप्ता ने जोर देकर कहा कि मद्रासी कैंप के निवासियों को घर आवंटित किए गए हैं और उन्हें वहां स्थानांतरित कर दिया गया है। पत्रकारों से बातचीत में गुप्ता ने कहा कि मैंने साफ तौर पर कहा है कि अगर कोर्ट ने कुछ आदेश दिया है तो न तो सरकार और न ही प्रशासन कुछ कर सकता है। मद्रासी कैंप को तोड़े जाने का सच यह है कि यह बारापुला नाले के किनारे बनाया गया था। कोर्ट ने चार बार इस झुग्गी बस्ती को हटाने का आदेश दिया था, ताकि नाले की सफाई के लिए मशीनें लगाई जा सकें। नहीं तो दिल्ली में 2023 जैसी बाढ़ फिर देखने को मिलेगी। कोर्ट के आदेश की कोई अवहेलना नहीं कर सकता। उस कैंप के निवासियों को घर आवंटित कर वहां शिफ्ट कर दिया गया है। दिल्ली के मुख्यमंत्री ने कहा कि रेलवे कॉलोनी सहित अन्य स्थानों पर भी इसी तरह की कार्रवाई की गई है। मामले का राजनीतिकरण करने के लिए आम आदमी पार्टी (आप) नेताओं पर निशाना साधते हुए मुख्यमंत्री ने पूछा कि अगर किसी की जान चली गई तो इसके लिए कौन जिम्मेदार होगा। उन्होंने कहा, ष्दिल्ली में तीन जगहों पर कार्रवाई की गई, जिसमें रेलवे कॉलोनी भी शामिल है, जो रेलवे ट्रैक के पास बसी एक झुग्गी बस्ती है। रेलवे ने कार्रवाई की। अगर किसी की जान चली जाती है तो कौन जिम्मेदार होगा? क्या सौरभ भारद्वाज, आतिशी या अरविंद केजरीवाल को जिम्मेदार ठहराया जाना चाहिए? कोर्ट जानता है कि वह क्या कर रहा है और इसलिए उसने आदेश दिए हैं।

# मुख्यमंत्री धामी ने कालू सिद्ध मंदिर में प्राण प्रतिष्ठा महोत्सव में की पूजा-अर्चना



**हल्द्वानी।** मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने शनिवार को हल्द्वानी स्थित ऐतिहासिक एवं आस्था के प्रमुख केंद्र कालू सिद्ध मंदिर में आयोजित तीन दिवसीय प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम में भाग लिया। इस अवसर पर उन्होंने विधिवत पूजा–अर्चना की तथा मंदिर में छत्र चढ़ाकर प्रदेशवासियों की सुख–समृद्धि की कामना की।

प्राण प्रतिष्ठा समारोह के तहत मुख्यमंत्री लगभग 20 मिनट तक पूजन विधि में सम्मिलित हुए और नव निर्मित भव्य मंदिर परिसर का निरीक्षण भी किया। मुख्यमंत्री के मंदिर आगमन पर परंपरागत वेशभूषा में कलश लेकर पहुंची महिलाओं ने उनका स्वागत किया। मंदिर परिसर में मंदिर समिति अध्यक्ष एवं पीठाधीश महंत कालू गिरी महाराज तथा महंत त्रिवेणी गिरी महाराज के सानिध्य में संतों ने रुद्राक्ष माला पहनाकर मुख्यमंत्री का अभिनंदन किया। पूजन विधि आचार्य डॉ. भूवन चंद्र त्रिपाठी के नेतृत्व में 16 आचार्यों द्वारा संपन्न कराई गई। प्राण प्रतिष्ठा के अवसर पर बड़ी संख्या में श्रद्धालु उपस्थित रहे। मुख्यमंत्री ने अपने संबोधन में कहा कि सड़क चौड़ीकरण योजना के अंतर्गत ऐतिहासिक कालू सिद्ध मंदिर का स्थान परिवर्तन कर नवीन स्थल पर भव्य रूप से पुनर्निर्माण किया गया है। मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रदेश की आध्यात्मिक एवं सांस्कृतिक विरासत को संरक्षित करते हुए विकास कार्यों को आगे बढ़ाना सरकार की प्राथमिकता है। इस अवसर पर प्रमुख रूप से उपस्थित रहे। सांसद अजय भट्ट, भाजपा जिला अध्यक्ष प्रताप सिंह बिष्ट, विधायक बंशीधर भगत (कालाढूंगी), विधायक राम सिंह कैड़ा (भीमताल), मंडी अध्यक्ष अनिल कपूर 'डब्बू', राज्य दर्जा मंत्री सुरेश भट्ट, दिनेश आर्य, महापौर गजराज सिंह बिष्ट, रेनू अधिकारी, नवीन वर्मा सहित पार्टी पदाधिकारी, कार्यकर्ता एवं बड़ी संख्या में श्रद्धालुजन। साथ ही कुमाऊं आयुक्त दीपक रावत, डीआईजी कुमाऊं रिद्धिमा अग्रवाल, जिलाधिकारी वंदना सिंह, वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक प्रहलाद नारायण मीणा, नगर आयुक्त ऋचा सिंह सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी।

# विश्व में शासन के तीनों अंगों विधायिका, कार्यपालिका एवं न्यायपालिका के अधिकारों व शक्तियों में संतुलन स्थापित है



**विश्व में कोई भी पद शक्तिशाली नहीं होता,पद पर बैठने वाले की क्षमता,योग्यता व नैतिक साहस से किसी पद की शक्ति तय होती है, सटीक विचार**

**गोंदिया।** वैश्विक स्तरपर अक्सर हम लोकतंत्र के चार स्तंभों, विधायिका, कार्यपालिका न्यायपालिका व मीडिया के बारे में व उनके अधिकारों कर्तव्य जवाबदेही व कार्यक्षेत्रों के बारे में अक्सर सुनते पढ़ते रहते हैं स्वाभाविक रूप से चारों स्तंभों के अलग–अलग कार्यक्षेत्र अधिकार व कर्तव्य हैं, परंतु इनकी आपस में तुलना नहीं की जातीजा सकती,किसीको भी कम–अधिक नहीं आंका जा सकता, परंतु प्रैक्टिकली जब हम देखते हैं तो एक स्वाभाविक रूप से मन में प्रश्न खड़ा होता है कि, विशेष रूप से तीन स्तंभों विधायिका कार्यपालिका, न्यायपालिका में सबसे शक्तिशाली कौन है?यह विचार मेरे मन में भी आया कि वास्तव में तीनों स्तंभों में शक्तिशाली कौन है, किस स्तंभ का सर्वोच्च पद तीनों स्तंभों में शक्तिशाली है? तो अति गहन अध्ययनकर मैंने अपने विचार रखे कि कोई भी ष्पदष् शक्तिशाली नहीं होता परंतु उस पद पर बैठने वाले की क्षमता, योग्यता और नैतिक साहससे ही उस पद की शक्ति जाहिर होती है,ऐसा विचार किसी और ने भी रखा था जिससे मैं पूर्ण रूपसे सहमत हूं,हालांकि मेरे 45 वर्षों के लेखन कार्यकाल के अनुभव में तीनों स्तंभों के सर्वोच्च पद पर अनेकों व्यक्ति बैठे, परंतु अभी तक उनके निर्णयों डिसीजन्स का हम विश्लेषण कर अंदाज लगा सकते हैं कि पद महत्वपूर्ण है,या उसपर बैठने वाले व्यक्ति की क्षमता, योग्यता और नैतिक साहस, जिसकी चर्चा हम नीचे पैराग्राफ में करेंगे। आज इस विषय पर हम इसलिए चर्चा कर रहे हैं क्योंकि जिस तरह भारतीय पीएम के पिछले कार्यकाल के डिसीजन्स मेकिंग विशेष रूप से 370,तीन तलाक, सर्जिकल स्ट्राइक, ऑपरेशन सिंदूर जीएसटी सहित अनेकों निर्णय व अमेरिका के वर्तमान राष्ट्रपति जिन्होंने पदभार ग्रहण करते ही अमेरिकी फर्स्ट, टैरिफ केस,नागरिकता केस, पनामा नहर,यूक्रेन रूस युद्ध समाप्ति पहल, हमास इजरायल युद्ध समाप्ति पहल सीरिया पर लगे प्रतिबन्ध हटाना व अभी टैरिफ पर फेडरल कोर्ट द्वारा लगाई गई रोग को, अपीलीय कोर्ट द्वारा खारिज कर टैरिफ को बहाल करने जैसे अनेकों मुद्दे हैं, जो इन दोनों व्यक्तित्वों की योग्यता क्षमता नैतिक साहस को दर्शाता है। भारत के प्रधान न्यायाधीश न्यायमूर्ति बीआर गवई ने शनिवार (31 मई, 2025) को इलाहाबाद में नवनिर्मित अधिवक्ता चौंबर भवन और मल्टी लेवल पार्किंग का उद्घाटन कार्यक्रम में कहा भारतीय संविधान लागू होने की 75 साल की यात्रा में विधायिका, कार्यपालिका और न्यायपालिका ने सामाजिक और आर्थिक समानता लाने में बड़ा योगदान दिया है।चूंकि हालाँकि, व्यावहारिक रूप से विश्व में शासन के तीनों अंगों यथा विधायिका, कार्यपालिका व न्यायपालिका के अधिकारों व शक्तियों में संतुलन स्थापित है,परंतु आज हम मीडिया में उपलब्ध जानकारी के सहयोग से इस आर्टिकल के माध्यम से चर्चा करेंगे, विश्व में कार्यपालिका और न्यायपालिका में सबसे अधिक शक्तिशाली कौनष्पद बढ़ा या पद पर बैठने वाले की ष्क्षमता निर्णय क्षमता योग्यता व नैतिक साहस बढ़ा? साथियों बात अगर हम कार्यपालिका व न्यायपालिका की करें तो,भारत में कार्यपालिका अधिक शक्तिशाली है। न्यायपालिका उन कानूनों के पालन कराने में सहयोग करती है। न्यायपालिका अपने स्तरपर कानून नहीं बना सकती। कार्यपालिका न्यायपालिका के आदेशों की पालना करना आवश्यक नहीं समझती, क्योंकि वह संबंधित कानून को बदलने का अधिकार रखती है।शाहबानो के मामले में सुप्रीम कोर्ट के आदेश को सरकार ने नहीं माना। कांग्रेस सरकार ने संविधान संशोधन लाकर कानून ही बदल दिया। ठीक उसी तरह दिल्ली केस में भी सुप्रीम कोर्ट के आदेश को एक नया विधेयक लाकर पलट दिया गया। 2 साल पहले सुप्रीम कोर्ट ने एससी एसटी वर्ग के कर्मचारियों को कार्यस्थल पर पीड़ित करने के मामले में एक आदेश पारित किया था। उसमें कहा गया था कि बिना जांच किए अन्य वर्ग से संबंधित व्यक्ति पर केस दर्ज नहीं किया जाना चाहिए। इसके लिए सरकार को कानून बनाने के लिए आदेश दिया। लोकसभा में उस आदेश की पालना में कानून बनाया गया, लेकिन भारी विरोध के कारण सरकार को उस कानून को वापिस लेना पड़ा। पिछले दिनों सुप्रीम कोर्ट ने मुसलमानों के हित के लिए तीन तलाक को रोकने के लिए कानून बनाने का निर्देश दिया।

साथियों बात अगर हम कार्यपालिका व न्यायपालिका में तुलनात्मक शक्तिशाली के एंगल से देखें तो,भारत में कार्यपालिका और न्यायपालिका में कौन अधिक शक्तिशाली है और क्यों ?भारत में कार्यपालिका और न्यायपालिका में कार्यपालिका अधिक शक्तिशाली है। कार्यपालिका नियम और कानून बनाती है और न्यायपालिका उन कानूनों के पालन कराने में सहयोग करती है। न्यायपालिका अपने स्तर पर कानून नहीं बना सकती। कार्यपालिका न्यायपालिका के आदेशों की पालना करना आवश्यक नहीं समझती, क्योंकि वह संबंधित कानून को बदलने का अधिकार रखती है।भारत के प्रधानमंत्री और भारत के मुख्य न्यायाधीश में से कौन ज्यादा शक्तिशाली है?अगर संविधान में देखें तो प्रधानमंत्री व्यक्ति कई साल और कई बार रह सकता है बिना अधिकतम आयु सीमा के, पर सर्वोच्च न्यायालय के मुख्य न्यायाधीश का कार्यकाल सिर्फ एक बार कुछ महीने या वर्ष के लिए होता है 65 वर्ष की आयु सीमा तक होता है।प्रधानमंत्री को कभी भी हटना पड़ सकता है जबकि मुख्य न्यायाधीश को हटाना लगभग असम्भव है ।

अतः अगर हम उपरोक्त पूरे विवरण का अध्ययन कर इसका विश्लेषण करें तो हम पाएंगे कि विश्व में कार्यपालिका और न्यायपालिका में सबसे अधिक शक्तिशाली कौन? पद बढ़ा या पद पर बैठने वाले की क्षमता, योग्यता व नैतिक साहस बढ़ा?व्यावहारिक रूप से विश्व में शासन के तीनों अंगों विधायिका, कार्यपालिका एवं न्यायपालिका के अधिकारों व शक्तियों में संतुलन स्थापित है।विश्व में कोई भी पद शक्तिशाली नहीं होता,पद पर बैठने वाले की क्षमता, योग्यता और नैतिक साहस से किसी पद की शक्ति तय होती है, सटीक विचार।

लेखक – कर विशेषज्ञ स्तंभकार
एडवोकेट किशन सनमुखदास
भावनानीं गोंदिया महाराष्ट्र

# जिलाधिकारी ने जनपद में उत्कृष्ट योगदान देने वाले आशा कार्यकर्ताओं, एनसीसी कैडेट्स को किया सम्मानित

**देहरादून (नजरिया खबर ब्यूरो)।** जिलाधिकारी सविन बंसल ने जनपद में उत्कृष्ट योगदान देने वाले फ्रंटलाईन वारियर्स आशा कार्यकर्ताओं, एनसीसी और एनएसएस कैडेट्स को सम्मानित किया गया। इस दौरान जिलाधिकारी ने सभी फ्रंटलाईन वर्कस के कार्यों की सरहाना की।

जिलाधिकारी ने स्वास्थ्य के अग्रणी अमले आशाओं के कार्यों की प्रशंसा की करते हुए फील्ड में शतप्रतिशत योगदान की अपेक्षा की। स्वास्थ्य के अग्रणी अमले संग डीएम संवाद कारगर साबित हो रहा है। डीएम ने आशाओं को सौगात संग अधिकार व जिम्मेदारी भी दी हैं अब आशाएं डेंगू फिल्ड वॉलिंटियर्स के कार्यों को सत्यापित भी कर रही हैं।

समग्ररूप से जिला प्रशासन की सूझबूझ से जलनित रोग व डेंगू, मलेरिया, चिकिनगुनिया, हैजा आदि के प्रभावी सर्वे हेतु फील्ड स्टॉफ को सक्रिय रखा है। नगर निगम, एनएचएम, जिला प्रशासन द्वारा दी जा रही अतिरिक्त धनराशि मिलाकर अब आशाओं को 4500 रू0 सर्वे कार्यों हेतु मिल रहे हैं तथा अच्छा कार्य करने वाली आशाओं को 1555 अलग से जिला प्रशासन की ओर से दिए जा रहे है। इसमें संख्या की काई बाध्यता नही हैं जो आशाएं अच्छा कार्य करेंगी उनको सभी 1555 अतिरिक्त धनराशि जिला प्रशासन की ओर से दी जाएगी। जिलाधिकारी सविन बंसल ने कहा कि आज आशाएं सिर्फ स्वास्थ्य कार्यकर्ता नहीं, बल्कि पूरे हेल्थ सिस्टम की रीढ़ बन चुकी हैं। उन्होंने कहा कि पिंक ड्रेस अब मात्र एक यूनिफॉर्म नहीं, बल्कि हमारे स्वास्थ्य सिस्टम की पहचान बन गई है। उन्होंने डेंगू नियंत्रण में आशाओं की सक्रिय भूमिका को विशेष रूप से सराहा और कहा कि उनके समर्पण के कारण जनपद में इस वर्ष डेंगू के सबसे कम केस आए हैं। उन्होंने यह भी स्पष्ट किया कि आशाओं को दी गई ध1555 की प्रोत्साहन राशि उनके योगदान की मान्यता है, किसी प्रकार की सहायता नहीं। डीएम ने यह भी कहा कि मा0 मुख्यमंत्री हमेशा फ्रंटलाइन वर्कर्स को महत्व देते हैं। साथ ही हमारे स्टेट गवर्नमेंट सदा फ्रंटलाइन वर्कर्स के लिए प्रतिबद्ध रहती है। जिलाधिकारी के हैं निर्देश पर डेंगू का कोई भी मामला सामने आने पर शॉर्ट नोटिस पर पूरी मशीनरी एक्टिव रहे। देहरादून और ऋषिकेश नगर क्षेत्रों में आशाओं को वार्ड आवंटन, आशाओं को डोर–टू–डोर सर्वे, रैपिड रिस्पांस टीम व वार्डवार वालिंटियर्स की तैनाती की गई है। डेंगू, मलेरिया चिकनगुनिया एवं अन्य जल जनित बीमारियों पर प्रभावी अंकुश लगाने को टीमें सजग हैं। आशाओं को एनएचएम से एक हजार, नगर निगम से 1500 के साथ जिलाधिकारी की पहल पर राज्य के किसी जनपद में प्रथमबार जिला प्रशासन की ओर से भी 1500 रुपए की अतिरिक्त इन्सेंटिव धनराशि के साथ ही अच्छा कार्य करने वाली आशाओं एवं आशा फेसिलटर को 1555 अतिरिक्त धनराशि का प्राविधान किया गया हैं।



डीएम आशा कार्यकर्ताओं से संवाद करते हुए।

## विधायक विनोद चमोली ने कार्यकर्ताओं को वितरित किए पौधे

**देहरादून।** भाजपा केदारनगर मंडल द्वारा विश्व पर्यावरण दिवस पर पौधारोपण कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस कार्यक्रम का शुभारंभ विधायक विनोद चमोली ने पौधा लगाकर किया। पौधारोपण कार्यक्रम में पार्टी कार्यकर्ताओं और स्थानीय लोगों ने बढ़–चढ़कर हिस्सा लिया। लोगों ने खाली पड़े स्थान पर विभिन्न प्रजातियों के छायादार, फलदार व शोभाकार पौधे रोपित किए।

कार्यक्रम में विधायक विनोद चमोली ने कार्यकर्ताओं व स्थानीय लोगों को विभिन्न प्रजातियों के पौधे वितरित किए। विधायक श्री चमोली ने लोगों को लगाए गए पौधों की रक्षा करने की शपथ भी दिलाई। विधायक ने कहा कि जो पौधे लगाए जाते हैं उनकी रक्षा करना भी हमारी जिम्मेदारी है। उन्होंने कहा कि सभी लोगों को पौधारोपण करना चाहिए। पर्यावरण संरक्षण के लिए पौधारोपण जरूरी है। कार्यकर्ताओं द्वारा टिहरी नगर में सतेश्वर महादेव मंदिर परिसर में पौधारोपण किया गया।

## हरिद्वार भूमि घोटाने की जांच आईपीएस अधिकारी रचिता जुयाल को सौंपी


**देहरादून (नजरिया खबर ब्यूरो)।** इस्तीफा देने के बाद आईपीएस अधिकारी रचिता जुयाल का नाम फिर सुर्खियों में आ गया है। प्रदेश सरकार ने हरिद्वार भूमि घोटाले की जांच के लिए विजिलेंस की पांच सदस्यीय टीम का गठन किया है, जिसकी जिम्मेदारी आईपीएस अधिकारी रचिता जुयाल को दी गई है।

उत्तराखंड गृह सचिव शैलेश बगौली ने गुरुवार को ही हरिद्वार भूमि घोटाले में विजिलेंस जांच के आदेश जारी किए थे। जांच आदेश के बाद पुलिस मुख्यालय ने हरिद्वार भूमि घोटाले के लिए टीम गठित की गयी। इस टीम को एसपी रचिता जुयाल लीड करेंगी। उनके साथ चार और अधिकारी जोड़े गए हैं। गौरतलब है कि रचिता जुयाल ने बीते दिनों पारिवारिक कारणों का हवाला देते हुए इस्तीफा दिया था, जिसे सरकार ने अभी तक स्वीकार नहीं किया है। रचिता जुयाल साल 2015 बैच की आईपीएस अधिकारी हैं। बीती 3 जून को हरिद्वार जमीन घोटाला उस समय चर्चाओं में आया जब सरकार ने इस मामले में हरिद्वार जिलाधिकारी के अलावा एक आईएएस और एक पीसीएस अधिकारियों को सस्पेंड किया. हरिद्वार जमीन घोटाले में कुल 12 अधिकारियों और कर्मचारियों पर गाज गिरी है। इसके बाद ही मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने मामले की विस्तृत जांच के लिए विजिलेंस का आदेश दिया था, जिसको लेकर गुरुवार को आदेश जारी हुआ।

## उत्तरांचल प्रेस क्लब सदस्यों के लिए स्वास्थ्य में बड़ी राहत, स्वामी राम अस्पताल में इलाज में 50 प्रतिशत की छूट और फ्री हेल्थ चेकअप

**देहरादून (नजरिया खबर ब्यूरो)।** उत्तरांचल प्रेस क्लब के प्रतिनिधिमंडल ने अध्यक्ष भूपेन्द्र सिंह कण्डारी के नेतृत्व में स्वामी राम हिमालयन विश्वविद्यालय, जौलीग्रांट के कुलाधिपति डॉ. विजय धस्माना से शिष्टाचार भेंट की।

इस अवसर पर क्लब की स्मारिका उन्हें भेंट की गई। बैठक के दौरान प्रेस क्लब सदस्यों के स्वास्थ्य लाभ को लेकर विचार विमर्श हुआ और प्रेस क्लब अध्यक्ष ने उत्तरांचल प्रेस क्लब के सदस्यों को हिमालयन अस्पताल में चिकित्सा के दौरान रियायत देने की बात कही। डॉ. धस्माना ने कहा कि स्वामी राम अस्पताल में उत्तरांचल प्रेस क्लब के सदस्यों को इलाज में 50 प्रतिशत की विशेष छूट दी जाएगी। साथ ही उन्होंने कहा कि प्रेस क्लब सदस्यों के लिए फुल बॉडी हेल्थ चेकअप बिल्कुल निःशुल्क कराया जाएगा। डॉ. धस्माना ने इस संबंध में जल्द ही विस्तार से चर्चा कर प्रेस क्लब और हिमालय अस्पताल के बीच सेवा शर्तें ताई करने की बात कही है। उन्होंने सुझाव दिया है कि प्रेस क्लब प्रतिदिन 10 प्रेस क्लब सदस्यों को हिमालयन अस्पताल में भेजेगा और अस्पताल में उनका निःशुल्क सभी तरह का परीक्षण किया जाएगा।



उत्तरांचल प्रेस क्लब के पदाधिकारी हिमालयन विवि के कुलाधिपति से मुलाकात करते हुए।

## रणनीतिक सलाहकार समिति को राज्यपाल ने दी मंजूरी, मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी होंगे अध्यक्ष

**देहरादून (नजरिया खबर ब्यूरो)।** उत्तराखंड सरकार प्रदेश की अर्थव्यवस्था को बढ़ाने के लिए बेहतर नीतियों के साथ ही उत्पादन में वृद्धि पर जोर दे रही है। ताकि बड़ी संख्या में रोजगार सृजन के साथ ही निवेश को प्रोत्साहित करने के लिए डोमेस्टिक डिमांड का दायरा बढ़ाया जा सके।

हालांकि, करीब ढाई साल पहले राज्य सरकार ने विदेशी कंपनी मैकिंजे के साथ एमओयू साइन किया था, जिसका कार्यकाल 4 जून को समाप्त हो चुका है। मैकिंजे का कार्यकाल समाप्त होने के बाद प्रदेश की



अर्थव्यवस्था को बढ़ाए जाने को लेकर सीएम धामी की अध्यक्षता में सात सदस्यीय रणनीतिक सलाहकार समिति का गठन किया गया है। नियोजन विभाग के प्रमुख सचिव आर मीनाक्षी सुंदरम ने रणनीतिक सलाहकार समिति के गठन को आदेश जारी कर दिए हैं। जारी आदेश के अनुसार, प्रदेश की अर्थव्यवस्था के तहत अधिक से अधिक श्रम–योजन कर उत्पादन में वृद्धि करने, बचत और निवेश को बढ़ावा देने के साथ ही घरेलू मांग का दायरा विस्तारित करते हुए प्रदेश में विकास की गति को बढ़ावा देने के लिए काम किया जाएगा। प्रदेश की मूलभूत परिस्थितियां, औद्योगिक, कृषि एवं बागवानी, स्वास्थ्य, शिक्षा, पर्यटन, सेवा समेत अन्य क्षेत्रों में कार्य करने के लिए पर्याप्त संख्या में दक्ष कार्यबल की उपलब्धता, बेहतर अवस्थापना सुविधाएं, नवाचारों में गति लाने के उद्देश्य से समिति का गठन किया गया है। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी की अध्यक्षता में गठित रणनीतिक सलाहकार समिति में मुख्य सचिव को पदेन सदस्य, नियोजन प्रमुख सचिव को पदेन सदस्य, रिटायर्ड आईएएस इन्दु कुमार पाण्डेय को सदस्य, रिटायर्ड आईएएस डॉ. राकेश कुमार को सदस्य, सामाजिक कार्यकर्ता मनु गौड़ को सदस्य और सेतु आयोग के सीईओ को पदेन सदस्य सचिव नामित किया गया है। इस समिति में मुख्यमंत्री के मंजूरी के आधार पर समय–समय पर तीन से अधिक अन्य सदस्य नामित किए जा सकेंगे। मुख्य सचिव की ओर से विभागीय अपर मुख्य सचिवध् प्रमुख सचिव सचिव और विभागाध्यक्षों को विशेष आमंत्रित सदस्य के रूप में विशेषज्ञ समिति की बैठक में प्रतिभाग के लिए बुलाया जा सकता है।

इस समिति का कार्यकाल गठन से तीन साल तक होगा, जिसे जरूरत के अनुसार मुख्यमंत्री के अनुमोदन से अधिकतम दो सालों के लिए बढ़ाया जा सकेगा। विशेषज्ञ समिति में शामिल सदस्यों में वर्तमान में राज्य, केन्द्र सरकार या उनके उपक्रमों में किसी भी प्रकार से सेवायोजित सदस्यों को कोई अतिरिक्त मानदेय नहीं दिया जाएगा।

08 June 2025_Copy of Layout 1 6/8/2025 5:05 PM Page 4



# सरकार साहित्य और संस्कृति के संरक्षण एवं प्रोत्साहन के लिए प्रतिबद्धः मुख्यमंत्री धामी

**देहरादून (नजरिया खबर ब्यूरो)।** मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने कहा कि हमारी सरकार साहित्य और संस्कृति के संरक्षण एवं प्रोत्साहन के लिए प्रतिबद्ध है। हमने राज्य में उत्तराखंड साहित्य गौरव सम्मान के माध्यम से उत्कृष्ट साहित्यकारों को सम्मानित करने का कार्य प्रारंभ किया है। हम विभिन्न भाषाओं में ग्रंथ प्रकाशन के लिए वित्तीय सहायता योजना के तहत साहित्यकारों को अनुदान भी प्रदान कर रहे हैं।



प्रख्यात कवि डॉ कुमार विश्वास से मुलाकात करते सीएम।

मुख्यमंत्री ने कहा कि हमारी सरकार प्रदेश के उत्कृष्ट साहित्यकारों को 'साहित्य भूषण' और 'लाइफ टाइम अचीवमेंट' पुरस्कार से भी सम्मानित करने का कार्य कर रही है। जिसके अंतर्गत हाल ही में हमने पाँच–पाँच लाख रुपये की सम्मान राशि प्रदान करने की घोषणा की है। हम युवा पीढ़ी को भी साहित्य के प्रति आकर्षित करने के लिए विभिन्न प्रतियोगिताओं और कार्यक्रमों का आयोजन कर रहे हैं, ताकि वे अपनी सांस्कृतिक और साहित्यिक धरोहर से जुड़ सकें और उसे आगे बढ़ाने में अपना योगदान दें। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी शनिवार को हिमालयन सांस्कृतिक केंद्र, गढ़ी कैंट देहरादून में फन। द्वारा आयोजित डेरा कवि सम्मेलन को सम्बोधित कर रहे थे। डॉ कुमार विश्वास सहित सभी कवियों का स्वागत करते हुए मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने कहा कि कवि केवल शब्दों के निर्माता नहीं होते बल्कि वे समाज के चिंतक, मार्गदर्शक और प्रेरक भी होते हैं और उनकी कविताएं समाज को दर्पण दिखाने का काम करती हैं। जब समाज उलझनों से घिरता है, तब कवि अपनी लेखनी से न केवल समाज को एक नई दिशा दिखाने का काम करते हैं, बल्कि समाज में सकारात्मक परिवर्तन लाने का भी प्रयास करते हैं। मुख्यमंत्री ने कहा कि भारत के स्वतंत्रता आंदोलन को भी तभी गति मिली जब हमारे कवियों और रचनाकारों ने अपनी रचनाओं से देशवासियों को स्वतंत्रता आंदोलन में सक्रिय भागीदारी निभाने के लिए प्रेरित किया। मुख्यमंत्री ने कहा कि हमारी देवभूमि की यह पावन धरा सदियों से रचनात्मकता का अद्भुत केंद्र रही है, जहाँ विचारों की ज्योति ने हर युग में समाज को प्रेरित किया है। अयोध्या सिंह उपाध्याय हरिऔध हों या सुमित्रानंदन पंत जी हों, गीर्दा हों या नागार्जुन हों, उत्तराखंड की वादियों में लिखी इन सबकी रचनाएं हमारे यहां आज भी गूंजती हैं। देवभूमि उत्तराखंड में जहां एक ओर हिमालय की ऊंची– ऊंची चोटियों से नए–नए विचारों की ऊँचाइयाँ जन्म लेती हैं और नदियों की कल–कल में छंद की लय छिपी होती है। इस अवसर पर भरत कुकरेती, मयंक अग्रवाल, आशुतोष, कुशल कुशलेन्द्र, सुदीप भोला, कविता तिवारी, रमेश मुस्कान और फनं संस्था के प्रतिनिधि एवं बड़ी संख्या में दर्शक उपस्थित थे।

## अज्ञात वाहन की टक्कर से व्यक्ति की मौत

**देहरादून।** सेलाकुई क्षेत्र में बाइक सवार व्यक्ति को एक अज्ञात वाहन ने टक्कर मार दी। जिससे उसकी मोत हो गयी। मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। सेलाकुई थाना को कंट्रोल रूम से सूचना मिली कि लेबर रोड़ पर एक मोटर साइकिल सवार गंभीर रूप से घायल हो गया है। सूचना पर थाना सेलाकुई पुलिस मौके पर पहुंची और घायल व्यक्ति को एम्बुलेंस के द्वारा सरकारी अस्पताल विकासनगर ले जाया गया। जहां पर डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। पुलिस के अनुसार मृतक श्रवण सिंह सेलाकुई में एक कंपनी में काम करता था। रात को कंपनी से छुट्टी के बाद घर जाते समय सेलाकुई लेबर रोड पर अज्ञात वाहन ने उसे टक्कर मार दी। जिससे बाइक सवार श्रवण गंभीर रूप से घायल हो गया। थाना सेलाकुई के एस एस आई जितेन्द्र कुमार ने बताया कि अज्ञात वाहन द्वारा एक बाइक सवार को टक्कर मार दी गई।

## हेलीकॉप्टर की आपातकालीन लैंडिंग, सरकार कराएगी जांचः सतपाल महाराज

**देहरादून (नजरिया खबर ब्यूरो)।** प्रदेश के पर्यटन, धर्मस्व, संस्कृति, लोकनिर्माण, सिंचाई, पंचायतीराज, ग्रामीण निर्माण एवं जलागम, मंत्री सतपाल महाराज ने रुद्रप्रयाग के बडासू क्षेत्र में हेलीकॉप्टर की आपातकालीन की लैंडिंग के बाद उसमें सवार सभी लोगों की सकुशलता के लिए पायलट की सूझबूझ की प्रसंशा करते हुए हादसे को बेहद गंभीरता से लेते हुए कहा कि सरकार इसकी जांच करवायेगी।



श्री महाराज ने कहा कि जिस प्रकार से पायलट ने समय रहते खामी को भाँप लिया और नज़दीक में खाली सड़क देखकर आपातकालीन लैंडिंग करवाई उसको देखकर लगता है कि अगर पायलट सड़क पर हेलीकॉप्टर नहीं उतारता तो यह दुर्घटना बड़ी हो सकती थी। उन्होंने कहा कि बद्री–केदार की कृपा से हेलीकॉप्टर में सवार सभी पांचों यात्री सुरक्षित हैं, जबकि पायलट को हल्की चोट आई है। फिलहाल इस घटना का हेली शटल सेवा पर कोई प्रभाव नहीं पड़ा है। मैं हादसे में घायल हुए सभी यात्रियों व पायलट के शीघ्र स्वास्थ्य लाभ की कामना करता हूं। लेकिन इस आपातकालीन लैंडिंग की वजह क्या रही इस बात की सरकार जांच अवश्य करेगी।

## केदारनाथ मार्ग पर हेलीकॉप्टर क्रैश, सभी यात्री सुरक्षित

**देहरादून (नजरिया खबर ब्यूरो)।** केदारनाथ यात्रा मार्ग पर एक बार फिर से एक हेलीकॉप्टर क्रैश हो गया। इस घटना में किसी के हताहत होने की खबर नहीं है। हेलीकॉप्टर क्रिस्टल एविएशन प्राइवेट लिमिटेड का बताया जा रहा है।

हेलीकॉप्टर में तकनीक खराबी के चलते केदारनाथ राष्ट्रीय राजमार्ग पर बडासू के पास हेलीकॉप्टर की एमरजेंसी लैंडिंग हुई। बडासू हेलीपैड से केदारनाथ के हेलीकॉप्टर ने उड़ान भरी थी। इस हेलीकॉप्टर में पायलट समेत 6 लोग सवार थे। हादसे में पायलट को हल्की चोटें आई हैं। जिसे उपचार के लिए नजदीकी अस्पताल में भर्ती कराया गया है। हेलीकॉप्टर हादसे की वजह मानकों की अनदेखी बताई जा रही है। बता दें इन दिनों चारधाम यात्रा जोरों पर चल रही है।




हेलीकॉप्टर।

श्रद्धालु बड़ी संख्या में चारधाम पहुंच रहे हैं।

सबसे अधिक श्रद्धालु केदारनाथ पहुंच रहे हैं। केदारनाथ मे हेली के जरिये भी श्रद्धालु आसानी से धाम पहुंच रहे हैं। इसके अलावा हेली हादसों से जुड़ी खबरें भी सामने आ रही हैं। बीती मई के बाज शनिवार को एक बार फिर से सिरसी हेलीपैड पर हेलीकॉप्टर हादसा हुआ है। इस हादसे के बाद हेलीकॉप्टर सड़क पर ही लैंड हो गया।

## हुड़दंग व रैश ड्राइविंग जैसी अवांछनीय गतिविधियों को नियंत्रित करने के लिए ऑपरेशन लगाम अभियान की शुरुआत

**देहरादून (नजरिया खबर ब्यूरो)।** पुलिस महानिरीक्षक गढ़वाल परिक्षेत्र राजीव स्वरुप द्वारा सड़क पर सरेआम, नदियों के किनारे, कॉलेज/हॉस्टल के आसपास वाहनों व खुले में बैठकर शराब का सेवन कर हुड़दंग व रैश ड्राईविंग जैसी अवांछनीय गतिविधियों को नियंत्रित करने के उद्देश्य से ऑपरेशन लगाम नामक विशेष अभियान की शुरुआत की गई है।

यह अभियान 7 जून से शुरू होकर एक माह तक चलेगा। इस अभियान का उद्देश्य सार्वजनिक स्थलों की शांति व्यवस्था बनाए रखते हुए उन



पुलिस महानिरीक्षक राजीव स्वरूप।

गतिविधियों पर प्रभावी रोक लगाना है, जिनसे आमजन में भय का वातावरण उत्पन्न होता है और प्रदेश की छवि पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ता है। यह अभियान इस प्रकार की घटनाओं पर रोक लगाने और शांति बनाए रखने के लिए प्रभावी कदम होगा। अभियान के दौरान सार्वजनिक स्थलों पर शराब/मादक पदार्थों का सेवन करने, सड़क सरेआम, नदी किनारे, कॉलेज/हॉस्टल के आसपास तथा अन्य सार्वजनिक स्थलों पर शराब एवं मादक पदार्थों का सेवन करने वाले व्यक्तियों के विरुद्ध कड़ी एवं त्वरित कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

वाहनों की गहन चेकिंगः वाहनों के माध्यम से अवैध शराब, मादक पदार्थ, लाठी–डंडा, तलवार, आग्नेय शस्त्र आदि के परिवहन पर विशेष निगरानी रखते हुए, पाए जाने पर संबंधित के विरुद्ध विधिक कार्रवाई सुनिश्चित की जाएगी।

वाहनों पर काली फिल्म, मॉडिफाईड साईलेन्सर, हटर आदि की चौकिंगः जिन वाहनों में काली फिल्म, मॉडिफाईड साइलेंसर, अनधिकृत हूटर, नामपट्टिका या चिन्ह लगे पाए जाएंगे, उनके विरुद्ध मोटर वाहन अधिनियम एवं संबंधित धाराओं के अंतर्गत कार्रवाई की जाएगी।रैश ड्राइविंग एवं स्टंट पर कार्रवाईः शराब पीकर वाहन चलाने, रैश ड्राइविंग या स्टंट करने वाले चालकों पर सख्त निगरानी रखते हुए उनके विरुद्ध भी विधिसम्मत कठोर कार्रवाई की जाएगी।

पुलिस की विशेष तैनाती एवं निगरानीः उपरोक्त अभियान (ऑपरेशन) के प्रभावी क्रियान्वित हेतु पर्यटकों के घुमने–फिरने व आवाजाही वाले स्थानों, कॉलेज/हॉस्टल, बार/रेस्टोरेन्ट, शराब के ठेके कैन्टीन के आसपास पुलिस की टपेपइपसपजल व चौकिंग सुनिश्चित की जायेगी। इसके अतिरिक्त ऐसे स्थानों को जहां पर मादक पदार्थों के सेवन से लड़ाई–झगड़े की घटनायें घटित होती है, को चिन्हित कर उन स्थानों पर कड़ी निगरानी रखी जायेगी।

# स्कूटी दीवार से टकराई, छात्र के सिर में लगी गंभीर चोट

**लालकुआं (नजरिया खबर ब्यूरो)।** यहां नगर के राजीवनगर बंगाली कॉलोनी क्षेत्र में घर का सामान खरीद कर वापस स्कूटी से जा रहे कक्षा 12वीं के छात्र की स्कूटी आवारा पशु से बचने के चक्कर में दीवार से टकरा गई, परिणाम स्वरूप उक्त युवक गंभीर रूप से जख्मी हो गया, जिसे आसपास के लोगों द्वारा प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र लालकुआं में पहुंचाया गया, जहां से नाजुक हालत में हल्द्वानी को रेफर किया गया है।

प्राप्त जानकारी के अनुसार यहां राजीव नगर बंगाली कॉलोनी निवासी सुशील श्रीवास्तव का 18 वर्षीय छात्र पुत्र अभिषेक श्रीवास्तव आज दोपहर को लगभग 2 बजे घर से सामान खरीदने गली की दुकान में स्कूटी द्वारा गया था, जो कि सामान खरीद कर जैसे ही वापस आ आ रहा था तभी अचानक स्कूटी के आगे से आवारा पशु आ गया, जिससे बचने के चक्कर में अभिषेक की स्कूटी दीवार से टकराने के साथ–साथ उसका सिर भी दीवार से टकरा गया, जिसे गंभीर हालत में आसपास के लोग



सड़क दुर्घटना में घायल छात्र को 108 में चढाते क्षेत्रवासी।

प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र लालकुआं लेकर आए, जहां उसे ऑक्सीजन सिस्टम पर रखा गया।

चिकित्साधिकारी डॉ प्रेमलता शर्मा ने बताया कि युवक की हालत नाजुक बनी हुई है, इसलिए उसे हायर सेंटर के लिए रेफर किया जा रहा है, उन्होंने बताया कि युवक के सिर में गंभीर चोट पहुंची है, लगभग डेढ़ घंटे से अधिक समय तक प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती रहने के बाद उसे डॉ सुशीला तिवारी चिकित्सालय हल्द्वानी के लिए 108 सेवा द्वारा भेजा गया।

कॉल करने के एक घंटा विलंब के बाद 108 गाड़ी पहुंचने पर परिजनों एवं क्षेत्र वासियों ने खूब हंगामा किया तथा नाराजगी जताई।

प्राप्त जानकारी के अनुसार दुर्घटना में हेड इंजरी होने के बाद जब प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र के चिकित्सक द्वारा घायल अभिषेक को हल्द्वानी ले जाने की सलाह दी तो घायल के साथ आए तीमारदारों ने 108 में कॉल किया तो उसके बाद शांतिपुरी के 108 एंबुलेंस चालक ने प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र लालकुआं पहुंचने में 1 घंटे का समय लगा दिया, इस दौरान रोगी के तीमारदारों ने चिकित्सालय में खूब हंगामा किया।

आरोप लगाया कि जब वह लालकुआं कोतवाली के सामने खड़ी 108 एम्बुलेंस के चालक के पास गए तो उसने कहा कि यह प्राइवेट एंबुलेंस है, हम रोगी ले जाने के पैसे लेंगे, तथा 108 व्यवस्था पर कड़ी नाराजगी जाहिर की। इस मामले में अपर मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ श्वेता भंडारी ने कहा कि मामले की जांच कराई जाएगी।

वहीं 108 सेवा के जिला प्रभारी सीपी टम्टा का कहना है कि उक्त घटना के समय लालकुआं की एंबुलेंस एक रोगी को लेकर हल्द्वानी गई थी, जिसके बाद शांतिपुरी की एंबुलेंस को लालकुआं भेजा गया, घायल रोगी के तीमारदार जिस एंबुलेंस चालक के पास पहुंचे थे शायद वह प्राइवेट एंबुलेंस रही होगी। इधर 108 के चालक रोहित कुमार ने बताया कि रेलवे फाटक बंद रहने एवं जाम होने के चलते वह विलंब से पहुंचा है।

## राज्य मे विकास की रफ्तार बनेगी भाजपा की हैट्रिक का आधारः चौहान

**देहरादून।** भाजपा ने राज्य के विकास की तीव्र रफ्तार को जन हितकारी और जरूरी बताते हुए 2027 में चुनावी हैट्रिक की गारंटी बताया है। वहीं कांग्रेस के दिल्ली बैठक पर तंज कसा कि वह बिना जन आशीर्वाद के हवाई किले बांध रही है।

प्रदेश मीडिया प्रभारी मनवीर सिंह चौहान ने कहा कि डबल इंजन सरकार के कार्यों से उत्तराखंड के कोने कोने में बदलाव नजर आ रहा हैं, लेकिन जमीन से पूरी तरह गायब कांग्रेस, दिल्ली में बैठकर जीत के हवाई किले बांध रही है। हालांकि सच यह है कि कांग्रेस के स्थानीय नेता जनता से और उनका राष्ट्रीय नेतृत्व राज्य से बहुत दूर है। उन्होंने कांग्रेस की दिल्ली बैठक के दावों को हवा हवाई बताते हुए तंज कसा कि विपक्ष के स्थानीय नेता राज्य की जनता के बीच नहीं दिखाई देते हैं और उनके प्रभारी और आलाकमान राज्य में नजर नहीं आते हैं। रणनीति और कार्यक्रम भी धरातल पर कभी अमल में नहीं लाया जाता है।

## ज्योतिर्मठ में विराजमान भगवती राजराजेश्वरी त्रिपुर सुन्दरी श्रीदेवी जी का पाटोत्सव धूमधाम से मनाया

**चमोली (नजरिया खबर ब्यूरो)।** ज्योतिर्मठ में विराजमान भगवती राजराजेश्वरी त्रिपुर सुंदरी श्री देवी का 52 वां पाटोत्सव धूमधाम से मनाया गया।

ज्येष्ठ शुक्ल द्वादशी को भगवती की महापूजा और आरती कर सभी भक्तों ने प्रसाद ग्रहण किया, कार्यक्रम में स्वामि अविमुक्तेश्वरानंद सरस्वती महाराज के शिष्य प्रत्यक्चैतन्य मुकुन्दानन्द गिरि ने देवी की महाआरती कर भक्तों को प्रसाद वितरित किया।

ज्योतिर्मठ व्यवस्थापक विष्णुप्रियानन्द ब्रह्मचारी ने कहा कि देवी मा की कृपा ज्योतिर्मठ क्षेत्र पर बना रहे इसलिए समय समय पर विशेष अनुष्ठान होते रहते हैं । कार्यक्रम में उपस्थित रहे कुशलानन्द



बहुगुणा, शिवानन्द उनियाल, महिमानन्द उनियाल, जगदीश उनियाल, कमलेशकान्त कुकरेती,आनन्द सती ,नन्दादत्त सिलोडी सहित कई लोग मौजूद रहे।

## सड़क निर्माण कार्य ठीक नहीं होने पर ग्रामीणों ने पीएमजीएसवाई के खिलाफ नाराजगी जताते हुए प्रदर्शन किया

**चमोली (नजरिया खबर ब्यूरो)।** शनिवार को डिम्मर गांव के फुलाओ व गांववासियों ने पीएमजीएसवाई के खिलाफ प्रदर्शन करते हुए कहा कि प्रधानमंत्री ग्रामीण सडक योजना के अन्तरर्गत डिम्मर गांव से टटासू सिमली तक चौड़ीकरण व डामरीकरण का कार्य पांच किमी तक होना है। लगभग छह करोड रुपये की लागत से बनने वाले डिम्मर –टटासू––सिमली मोटर मार्ग पर डामरीकरण का कार्य चल रहा है डामरीकरण कार्य घटिया हो रहा है कार्य की गुणवता निम्न स्तर का होने से प्रधानमंत्री ग्रामीण सडक विवादों के घेरे मे आ गयी है। मानकों के अनुसार डामरीकरण नहीं हो रहा है, तथा नाली का निर्माण कार्य अभी तक शुरू नही हो पाया साथ ही



चौडीकरण व कटिंग का कार्य भी अधर मे लटका पड़ा है।

प्रदर्शन करने वालो में हर्षवर्धन डिमरी, पूर्व जिला पंचायत सदस्य सुरेश डिमरी, गणेश चन्द्र खंडूरी, सुशील खंडूरी, टिका प्रसाद डिमरी, नरेश खंडूरी, सुशील खंडूरी, संदीप डिमरी, किशन चन्द्र डिमरी, भगवती प्रसाद डिमरी, शरद चन्द्र डिमरी, महेश डिमरी, शोभित डिमरी, विनय डिमरी, अनूप डिमरी आदि थे।

पीएमजीएसवाई के अधिशासी अभियन्ता सचिन कुमार ने दुरभाष पर वार्ता करते हुए कहा कि डिम्मर सिमली मोटर मार्ग पर डामरीकरण कार्य मानकों के अनुशार ही किये जा रहे है। नाली का कार्य बरसात के बाद किया जायेगा।

# दिनदहाड़े युवक की गला रेतकर हत्या, वारदात को अंजाम देने के बाद खुद पुलिस स्टेशन पहुंचा आरोपी

**हरिद्वार (नजरिया खबर ब्यूरो)।** मंगलौर में दिनदहाड़े एक युवक की सरेराह गला रेत कर हत्या कर दी गई है। युवक की हत्या से पूरे कस्बे में हड़कंप मचा हुआ है। मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भिजवा दिया है। वहीं वारदात को अंजाम देने के बाद आरोपी खुद ही कोतवाली पहुंच गया।



बताया जा रहा है कि आरोपी के बेटे की एक साल पहले गंगनहर में डूबकर मौत हो गई थी। आरोपी को शक था कि साहिल ने ही उसके बेटे को मारा है। फिलहाल पुलिस पूरी घटना की जानकारी जुटाने में लगी हुई है।

शनिवार के दिन देशभर में ईद उल अज़हा का त्यौहार बड़े ही हर्षोल्लास के साथ मनाया जा रहा है। लेकिन इसी बीच उत्तराखंड में हरिद्वार जिले के मंगलौर कस्बा क्षेत्र के पठानपुरा मोहल्ले में एक वारदात ने रंग में भंग डाल दिया है। ईद उल अजहा का त्यौहार मना रहे एक परिवार की खुशियां मातम में बदल गईं।

मंगलौर में एक युवक की बीच सड़क गला रेतकर हत्या कर दी गई। बताया गया है कि कस्बा क्षेत्र के पठानपुरा मोहल्ला निवासी रियासत पुत्र शौकत ने अपने पड़ोस में रहने वाले 22 वर्षीय साहिल पुत्र शमीम की बीच सड़क पर गला रेतकर हत्या कर दी। वारदात को अंजाम देने के बाद आरोपी खुद ही पुलिस स्टेशन बाजार मंगलौर जा पहुंचा। उधर घटना के बाद मौके पर लोगों की भारी भीड़ जमा हो गई। कुछ ही देर में सूचना साहिल के परिजनों तक पहुंची तो परिजन भी घटनास्थल की तरफ दौड़ पड़े।

घटनास्थल पर साहिल का शव लहूलुहान हालत में पड़ा हुआ था। साहिल को लहूलुहान हालत में देख परिजनों में हड़कंप मच गया। बताया जा रहा है कि आरोपी रियासत के बेटे की एक वर्ष पूर्व गंगनहर में डूबकर मौत हो गई थी। रियासत को शक था कि साहिल ने उसे डुबाकर मारा है।

वहीं सूचना पाकर पुलिस भी मौके पर पहुंची। साहिल के शव को कब्जे में लिया गया। फिलहाल पुलिस द्वारा आरोपी को हिरासत में लिया गया है। इसी के साथ पुलिस ने शव का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भिजवा दिया है।

08 June 2025_Copy of Layout 1 6/8/2025 5:05 PM Page 6



# अल्मोड़ा में राज्यपाल ने जिला प्रशासन के उच्चाधिकारियों के साथ की बैठक, दिए निर्देश

**नैनीताल/अल्मोड़ा (नजरिया खबर ब्यूरो)।** राज्यपाल लेफ्टिनेंट जनरल गुरमीत सिंह (से नि) अल्मोड़ा पहुंचे। अल्मोड़ा के सर्किट हाउस पहुंचने पर जिलाधिकारी आलोक कुमार पांडेय, वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक देवेंद्र पींचा तथा मुख्य विकास अधिकारी दिवेश शाशनी ने राज्यपाल का स्वागत किया।

राज्यपाल ने जिला प्रशासन के उच्चाधिकारियों के साथ बैठक की तथा जनपद के मुद्दों पर विचार–विमर्श किया। इस दौरान राज्यपाल ने जनपद के विकास और समृद्धि को लेकर अधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिए। जिलाधिकारी आलोक कुमार पांडेय ने पीपीटी के माध्यम से राज्यपाल को जनपद में किए जा रहे विभिन्न विकास कार्यों एवं उपलब्धियों का प्रस्तुतीकरण दिया। जिलाधिकारी ने बैठक में बताया कि बीते दिनों जनपद के विकास के लिए कई कदम उठाए गए



राज्यपाल अधिकारियों की बैठक लेते हुए।

हैं जिनके सकारात्मक परिणाम भी सामने आ रहे हैं। खनन न्यास से सरकारी स्कूलों में अस्थाई अध्यापकों की तैनाती कर स्कूलों में शिक्षकों की कमी को दूर करने का प्रयास किया गया है। मुंबई की पेस अकादमी के साथ समन्वय कर स्कूली बच्चों को निःशुल्क नीट एवं इंजीनियरिंग की कोचिंग कराई जा रही है। यहां बच्चों को वर्चुअली माध्यम से कोचिंग उपलब्ध कराई जा रही है। बच्चे इन क्लासों के प्रति बहुत उत्साहित हैं।

उन्होंने कहा कि महिला सशक्तीकरण की दिशा में भी लगातार प्रयास किए जा रहे हैं। इस दिशा में नगर अल्मोड़ा में पिंक ई–रिक्शा का संचालन किया गया है। सरकारी सहायता से स्वयं सहायता समूह की महिलाओं को ई–रिक्शा के संचालन से उनको स्वरोजगार से जोड़ा गया है, जिससे इन महिलाओं की आर्थिकी में सकारात्मक परिवर्तन हुआ है। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक देवेंद्र पींचा ने भी पुलिस विभाग द्वारा किए जा रहे कार्यों एवं नशे के विरुद्ध की जा रही कार्रवाई सेम अन्य कार्यों का प्रस्तुतीकरण दिया गया। राज्यपाल ने जिला प्रशासन के कार्यों की सराहना करते हुए कहा कि इस दिशा में लगातार कार्य किए जाएं, लोगों को स्वरोजगार से जोड़ा जाए जिससे उनकी आर्थिकी में लाभकारी बदलाव आए। जनपद में नशीले पदार्थों की आपूर्ति करने वाले तत्वों पर कड़ी कार्रवाई की जाए तथा अल्मोड़ा को नशा मुक्त बनाने की दिशा में लगातार कार्य किए जाएं।

दीदी की रसोई का किया शुभारंभः इसके पश्चात राज्यपाल ने दीदी की रसोई वैन को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। दीदी की रसोई के नाम से संचालित यह वाहन चलती–फिरती कैंटीन है। इस चलती–फिरती कैंटीन का संचालन स्वयं सहायता समूह की महिलाएं करेंगी, जिसमें खाना, स्नैक्स तथा फास्ट फूड उपलब्ध रहेगा।

## बीकेटीसी उपाध्यक्ष ऋषि प्रसाद सती ने मुख्यमंत्री से की भेंट

**देहरादून।** बदरीनाथ–केदारनाथ मंदिर समिति ( बीकेटीसी) उपाध्यक्ष ऋषि प्रसाद सती ने सचिवालय में प्रदेश के मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी से भेंट की तथा भगवान बदरीविशाल का प्रसाद एवं अंगवस्त्र भेंट कियाç एवं यात्रा व्यवस्थाओं की जानकारी दी। बीकेटीसी उपाध्यक्ष ऋषि प्रसाद सती ने आज ही भाजपा प्रदेश अध्यक्ष तथा राज्य सभा सांसद महेन्द्र भट्ट सहित विधान सभा अध्यक्ष रितु खंडूरी भूषण तथा कैबिनेट मंत्री सुबोध उनियाल से भी देहरादून में भेंट की तथा भगवान बदरीविशाल का प्रसाद भेंट किया। इस अवसर पर बीकेटीसी उपाध्यक्ष ने मुख्यमंत्री सहित शीर्ष नेताओं को बताया कि श्री बदरीनाथ तथा श्री केदारनाथ धाम में यात्रा कुशलता से चल रही है।तीर्थयात्रियों को भगवान के सुगम दर्शन हो रहे है। श्री बदरीनाथ धाम में लक्ष्मी गेट के बजाय अब घंटाकर्ण गेट से ही सभी को दर्शन कराये जा रहे है। सभी को एक जैसी दर्शन व्यवस्था में दर्शनç हो रहे है।

## अब तक समान नागरिक संहिता के तहत 1,90,000 से अधिक विवाहों का ऑनलाइन पंजीकरण किया जा चुका


**देहरादून (नजरिया खबर ब्यूरो)।** उत्तराखंड में समान नागरिक संहिता 27 जनवरी से प्रभाव में आ चुकी है। इसके अंतर्गत, 26 मार्च 2010 से लेकर 26 जनवरी 2025 के बीच संपन्न सभी विवाहों को यूसीसी के अंतर्गत पंजीकृत कराना अनिवार्य किया गया है। वर्तमान में, इस अवधि के भीतर हुए विवाहों के पंजीकरण हेतु ç250 का शुल्क निर्धारित है।

हालांकि, राज्य सरकार ने नागरिकों की सुविधा एवं सहभागिता को ध्यान में रखते हुए यह निर्णय लिया है कि यदि 27 जनवरी 2025 से पूर्व हुई शादियों का पंजीकरण आगामी 26 जुलाई 2025 तक कराया जाता है, तो इसके लिए किसी प्रकार का पंजीकरण शुल्क देय नहीं होगा। इसके अतिरिक्त, वे नागरिक जिन्होंने अपने विवाह को पहले ही उत्तराखंड विवाहों का अनिवार्य पंजीकरण विधेयक, 2010 या किसी अन्य वैयक्तिक कानून के अंतर्गत पंजीकृत करवा लिया है, उन्हें भी इस पंजीकरण की जानकारी अथवा समान नागरिक संहिता के पोर्टल पर देना अनिवार्य है। यह प्रक्रिया केवल सूचना प्रदान करने के लिए है और इसके लिए भी कोई शुल्क देय नहीं होगा। अब तक समान नागरिक संहिता के तहत 1,90,000 से अधिक विवाहों का सफलतापूर्वक ऑनलाइन पंजीकरण किया जा चुका है। विवाह पंजीकरण की समस्त प्रक्रिया पूरी तरह डिजिटल है, जिससे नागरिकों को बिना किसी कार्यालयीय जटिलता के ऑनलाइन माध्यम से ही पंजीकरण की सुविधा प्राप्त हो रही है।

## श्री महंत इन्दिरेश अस्पताल के निःशुल्क स्वास्थ्य शिविर का 300 बंदियों ने उठाया लाभ, दवाईयां भी दी

**देहरादून (नजरिया खबर ब्यूरो)।** श्री महंत इन्दिरेश अस्पताल, देहरादून के द्वारा जिला कारागार, सुद्दोवाला, देहरादून में निःशुल्क स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया। स्वास्थ्य शिविर में डॉक्टरों ने बंदियों का चिकित्सकीय परीक्षण कर परामर्श दिया। श्री महंत इन्दिरेश अस्पताल की ओर से कैंप में निःशुल्क जॉचें और निःशुल्क दवाईयां भी वितरित की गईं।

शनिवार को शिविर का शुभारंभ डीआईजी जेल, देहरादून दधि राम मौर्य ने किया। 300 महिला एवम् पुरुष बंदियो ने शिविर का लाभ उठाया। श्री महंत इन्दिरेश अस्पताल, देहरादून के मेडिसिन विभाग के डॉ0 आशुतोष त्रिपाठी व डॉ. माणिक, स्त्री एवं प्रसूति रोग विभाग की डॉ0 अनुराधा कपिल, नाक कान गला रोग



शिविर का लाभ उठाते लोग।

विभाग से डॉ. सौरभ नौटियाल, नेत्र रोग विभाग के डॉ0 राजेश्वर सिंह, मनोरोग विभाग की डॉ. आस्था जैन ने बंदियों को चिकित्सकीय परामर्श दिए। काउंन्सलर डॉ. कंचन डोभाल ने बंदियों की काउंसलिंग की। श्री महंत इन्दिरेश अस्पताल की ओर से ईसीजी, ब्लड शुगर, ब्लड प्रैशर की निःशुल्क जांचें भी की गईं। श्री महंत इन्दिरेश अस्पताल की ओर से बंदी रोगियों को निःशुल्क दवाईयों का वितरण किया गया। जिला कारागार प्रशासन ने निःशुल्क स्वास्थ्य शिविर आयोजित कर मानवता की सेवा किये जाने के लिए श्री महंत इन्दिरेश अस्पताल का हार्दिक आभार व्यक्त किया।

## रेलवे निर्माणदाई कम्पनी द्वारा क्षतिग्रस्त चंडिका देवी जिलासू की स्नान गृह का जीर्णोद्धार न होने पर लोगों में आक्रोश

**चमोली (नजरिया खबर ब्यूरो)।** रेलवे निर्माणदाई कम्पनी द्वारा मां चण्डिका देवी जिलासू की क्षतिग्रस्त किये गये स्नान गृह जल स्रोत का लम्बे समय तक भी जिर्णोद्धार नहीं करने पर भारी आक्रोश व्यक्त किया है।

मां चण्डिका देवी जिलासू की देवरा यात्रा समिति के अध्यक्ष ç मठपति दिलवर सिंह चौहान व सचिव ईश्वर सिंह राणा ने चंडिका देवी के 27 बांदी गांवों के भक्तो व देवरा यात्रा समिति के पदाधिकारियों और सदस्यों को इस बारे में होने वाली बैठक के लिये नौ जून को प्रात 10 बजे बनातोली सिवाई में पहुंचने का आग्रह



किया है। समिति के अध्यक्ष दिलवर सिंह चौहान व सचिव ईश्वर सिंह राणा ने बताया कि चंडिका देवी की देवरा यात्रा शुरू होने को कुछ ही समय रह गया है। लेकिन अभी तक रेलवे कंस्ट्रक्शन कंपनी अपने द्वारा ध्वस्त किये गये मां चंडिका देवी के स्नान गृह जल स्रोत का जीर्णोद्धार कार्य नहीं कर पाया है। जिससे देवी मां के भक्तों में रेलवे कम्पनी सहित जिला प्रशासन के प्रति नाराजगी व्याप्त है। उन्होंने कहा कि इस संबंध में देवरा यात्रा समिति द्वारा जिलासू रेलवे निर्माण निगम सहित जिला जिलाधिकारी चमोली को भी पूर्व में कई बार पत्राचार व ज्ञापन देकर अवगत कराया जा चुका है। अब जबकि मां चंडिका देवी जिलासू की देवरा यात्रा आयोजित होने में कुछ ही समय शेष रह गया है। लेकिन अभी तक कोई भी सकारात्मक कार्रवाई नहीं हुई है। रेलवे निर्माण निगम व कम्पनी कम्पनी द्वारा पूर्व में आश्वासन दिया गया था कि क्षतिग्रस्त जल स्रोत का जीर्णोद्धार कार्य कर लिया जाएगा। जो कि अभी तक नहीं किया गया है। उन्होंने कहा कि पूर्व में दिये गये ज्ञापन में जिलाधिकारी चमोली व रेलवे को अवगत किया गया था कि अगर 30 मई 2025 तक जल धारा निर्माण कार्य शुरू नहीं किया गया तो 27 बांदी गांवों द्वारा रेलवे निर्माण कार्य को रोके जाने सहित रेलवे के विरुद्ध धरना प्रदर्शन किया जाएगा।

देवरा यात्रा समिति के अध्यक्ष दिलवर सिंह चौहान व सचिव ईश्वर सिंह राणा ने सभी 27 बांदी गांवों के लोगों से अपील करते हुए कहा है कि 09 जून को बनातोली सिवाई में अधिक से अधिक संख्या में पहुंच कर दिवारा यात्रा समिति का सहयोग करे जिससे कि मां की यात्रा सफल हो सके।

08 June 2025_Copy of Layout 1 6/8/2025 5:05 PM Page 7



# सीएम धामी ने नैनीताल में विकास कार्यों का किया निरीक्षण, डीएसए मैदान में कई अहम घोषणाएं की

**नैनीताल (नजरिया खबर ब्यूरो)।** मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी अपने दो दिवसीय दौरे पर शुक्रवार को नैनीताल पहुंचे। प्रवास के पहले दिन उन्होंने मल्लीताल में मानसखण्ड मंदिर माला योजना के तहत 1101 करोड़ रुपये की लागत से चल रहे सौंदर्यीकरण एवं पुनर्विकास कार्यों का स्थलीय निरीक्षण किया।

इस योजना के अंतर्गत 12 नई दुकानों का विकास किया जा रहा है, जिनका उद्घाटन भी किया गया। इस अवसर पर 'मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने घोषणा की धुनीघाट एवं रातीघाट पैदल मार्ग के सुधार का कार्य किया जाएगा। शहीद संजय बिष्ट मोटर मार्ग (कैंची–हरतपा–हैलीमोटर मार्ग से तितोली तक) का उच्चीकरण एवं सुधार होगा। राज्य मार्ग संख्या–71 (रामनगर–भंडारपानी–अमगड़ी–और ाकोट–बेतालघाट–भुजान रिची–बिल्लेख) के खंडों का सुदृढ़ीकरण किया जाएगा। डीएसए मैदान को राष्ट्रीय स्तर की खेल प्रतियोगिताओं और प्रशिक्षण के लिए मॉडल स्पोर्ट्स सेंटर के रूप में विकसित किया जाएगा।



कार्यक्रम के दौरान सीएम पुष्कर सिंह धामी।

नैनीताल में वैकल्पिक पार्किंग का निर्माण किया जाएगा। फ्लैट्स मैदान में हॉकी टर्फ और बॉक्सिंग रिंग बनाई जाएंगी। फ्लैट्स मैदान का उपयोग केवल खेल और सांस्कृतिक आयोजनों के लिए किया जाएगा, अन्य व्यावसायिक गतिविधियों पर रोक रहेगी। नैनीताल बस अड्डा परिसर का पुनर्विकास लाइटवेट स्ट्रक्चर के माध्यम से किया जाएगा ताकि सार्वजनिक परिवहन सुविधा बढ़े और ट्रैफिक जाम कम हो। मुख्य स्थलों का रोड सेफ्टी सर्वेक्षण कर वॉटर लेक्स कम किए जाएंगे। स्थानीय वेंडरों के लिए वेंडिंग ज़ोन का निर्माण किया जाएगा। नैनी झील की डिसिल्टिंग की जाएगी और रेलिंग बदली जाएगी।'

मुख्यमंत्री ने डीएसए मैदान में बास्केटबॉल कोर्ट का शुभारंभ किया, खिलाड़ियों को खेल किट वितरित की तथा जिले के पदक विजेता खिलाड़ियों से मुलाकात कर उन्हें सम्मानित किया।

इस दौरान आयोजित सम्मान समारोह में मुख्यमंत्री ने 38वें राष्ट्रीय खेल 2025 उत्तराखंड में जनपद नैनीताल के पदक विजेता और अंतरराष्ट्रीय स्तर के पदक विजेता खिलाड़ियों–लतिका भंडारी, भूमिका जंतवाल, नितेश बिष्ट, निर्मल बिष्ट, अंश बिष्ट, कनिष्क जोशी, सूर्या पटेल, भाग्रवी रावत, श्रद्धा जोशी, कोमल, न्वया पांडे, वैभव सिंह पडियार, एसडीएम नवाजिश खलीक सहित अन्य खिलाड़ियों को सम्मानित किया। इसके अतिरिक्त, स्व. एन.के. आर्य स्मृति क्रिकेट टूर्नामेंट के प्रतिभागियों को पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया।

## बेयर ने लॉन्च किया 'बीकोटा', किसानों को मिलेगा सीधा लाभ

**उधमसिंहनगर।** कृषि एवं स्वास्थ्य से संबंधित लाइफ साइंस के क्षेत्र में अग्रणी वैश्विक कंपनी बेयर ने बीकोटा को लॉन्च करने की घोषणा की है। यह विशेष रूप से स्टेम बोरर कीट से निपटने में धान के किसानों की मदद के लिए तैयार किया गया प्रोडक्ट है।

इन हानिकारक कीटों से सुरक्षा प्रदान करने के लिए बीकोटा में बेयर के एक्सक्लूसिव इनोवेशन को शामिल किया गया है। बीकोटा को जून, 2025 से पंजाब, हरियाणा, उत्तराखंड, पश्चिमी उत्तर प्रदेश, पश्चिम बंगाल, छत्तीसगढ़, महाराष्ट्र, कर्नाटक, तमिलनाडु, आंध्र प्रदेश और तेलंगाना समेत सभी धान उत्पादक राज्यों में उपलब्ध कराया जाएगा। लॉन्चिंग के मौके पर मोहन बाबू, (क्लस्टर कमर्शियल लीड दृ भारत, बांग्लादेश और श्रीलंका, क्रॉप साइंस डिवीजन, बेयर) ने कहा, बेयर अपने इनोवेशन के माध्यम से किसानों के जीवन को आसान बनाने के लिए प्रयासरत है।

## सतत संसाधन प्रबंध अभियान थीम वाले पर्यावरण माह की शुरुआत की

**देहरादून (नजरिया खबर ब्यूरो)।** टोयोटा किर्लोस्कर मोटर ने पर्यावरण माह 2025 की शुरुआत की। इसके तहत सतत संसाधन प्रबंध अभियान थीम के जरिये कंपनी ने निरंतरता के प्रति अपनी प्रतिबद्धता की पुष्टि की है। यह पहल टोयोटा पर्यावरण चुनौती 2050 के व्यापक लक्ष्यों और टोयोटा ग्लोबल विजन 2050 को साकार करने के लिए जागरूकता बढ़ाने की वैश्विक थीम के अनुरूप है। इस अभियान का उद्देश्य कंपनी और इसकी मूल्य श्रृंखला में स्थिरता की संस्कृति को मजबूत करना है। इस वर्ष के फोकस का एक प्रमुख तत्व जीरो–बेस थिंकिंग को अपनाना है। यह एक ऐसी रणनीति है जिसमें सभी संसाधनों का जमीनी स्तर से पुनर्मूल्यांकन करना और केवल उन्हीं को बनाए रखना शामिल है जो वास्तविक मूल्य में योगदान करते हैं। इस तरह, दीर्घकालिक स्थायी दक्षता को बढ़ावा मिलता है जो रिफ्यूज, रीसाइकिल (सर्कुलर इकनॉमी), रीयूज और रिड्यूस (4आर) के माध्यम से पूरा होता है। हर साल जून में मनाया जाने वाला टोयोटा का वैश्विक पर्यावरण महीना पर्यावरण से जुड़े महत्वपूर्ण मुद्दों पर कार्रवाई करने के लिए एक मंच के रूप में काम करता है। 2025 का संस्करण जागरूकता और सहभागिता को मजबूत करने के निरंतर प्रयासों पर आधारित है, साथ ही भारत में टीकेएम की 25 साल से ज़्यादा की सफल यात्रा को भी चिह्नित करता है।

## होटल की छठी मंजिल में लगी भीषण आग, पुलिस ने होटल में ठहरे सभी यात्रियों को सुरक्षित बाहर निकाला

**ऋषिकेश (नजरिया खबर ब्यूरो)।** ऋषिकेश के निकट तपोवन में शॉर्ट सर्किट होने की वजह से एक होटल की छठी मंजिल में भीषण आग लग गई। आग बुझाने की कोशिश कर रहा एक होटल कर्मी भी आग की लपटों में घिर गया। सूचना मिलते ही मौके पर पहुंची पुलिस और फायर ब्रिगेड की टीम ने सूझबूझ का परिचय देते हुए होटल कर्मी को किसी तरह आग की चपेट में आने से बचाया। इस अग्निकांड के दौरान पुलिस ने होटल में रुके सभी यात्रियों को भी सुरक्षित बाहर निकालने में सफलता हासिल की है।



होटल में लगी आग।

तपोवन पुलिस चौकी प्रभारी प्रवीण रावत ने बताया कि जिस होटल में आग लगी है उसका नाम होटल तपोवन हिल है। आग लगने की घटना के बाद होटल के 10 कमरों को खाली कराया गया और आग लगी मंजिल के पास रखें एलपीजी गैस सिलेंडर को भी बाहर निकाल कर खतरे को कम किया गया। जिस होटल कर्मी की जान बचाई गई है उसका नाम मयंक कुमार निवासी बिजनौर है। फिलहाल फायर ब्रिगेड के कर्मचारियों ने आग पर काबू पा लिया है।

बताया जा रहा है आग लगने से होटल में लाखों रुपए का सामान जलकर खाक हो गया है। मयंक कुमार से पूछताछ में पता चला कि शॉर्ट सर्किट होने की वजह से होटल की छठी मंजिल में आग लगी है।

## उधमसिंहनगर में लुटेरी दुल्हन गिरफ्तार, शादी का झांसा देकर करती थी लाखों की ठगी और ब्लैकमेलिंग

**उधमसिंहनगर (नजरिया खबर ब्यूरो)।** शादी का झांसा देकर लाखो की ठगी व ब्लैकमेलिंग करने वाली एक शातिर दुल्हन को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। जिसके पास से ब्लैकमेलिंग कर ली गयी 50 हजार की नगदी भी बरामद हुई है। गिरफ्तार महिला की पहचान हीना रावत पुत्री बलवंत सिंह निवासी खरमासा कुंडेश्वरी, थाना काशीपुर के रूप में हुई है। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक मणिकांत मिश्रा ने जानकारी देते हुए बताया कि बीते रोज कोतवाली रूद्रपुर में दीपक कक्कड़ पुत्र स्व. ओम प्रकाश कक्कड़ निवासी बसुंधरा फेस 1, भूरारानी रोड, रुद्रपुर द्वारा तहरीर देकर बताया गया था कि एक महिला, जिसने अपना नाम अंकिता शर्मा बताया और खुद को हाईकोर्ट का एडवोकेट बताया, ने व्हाट्सएप पर बातचीत के जरिए उसे अपने प्रेम जाल में फंसा लिया और धोखाधड़ी से उससे पांच लाख रुपये हड़प लिए।



गिरफ्तार की गई लुटेरी।

इसके बाद, महिला ने विवाह का नाटक कर दीपक के घर पर रहना शुरू कर दिया।

इस दौरान अंकिता शर्मा उर्फ हीना रावत ने दीपक कक्कड़ को तरह–तरह से प्रताड़ित करना शुरू कर दिया और उससे 30 लाख रुपये की मांग करने लगी। पैसे न देने पर वह दीपक का मर्डर करने या स्वयं आत्महत्या कर उसे और उसके परिवार को झूठे मुकदमे में फंसाने की धमकी देने लगी। बताया कि शक होने पर जब उसने महिला के बारे में जानकारी ली तो पता चला कि उसका सही नाम हीना रावत पुत्री बलवंत सिंह निवासी खरमासा कुंडेश्वरी, थाना काशीपुर है। वह पहले से शादीशुदा है और लोगों को प्रेम जाल में फंसाकर बलात्कार आदि का झूठा आरोप लगाकर ब्लैकमेल कर पैसे ऐंठने का काम करती है। मामले में पुलिस ने तत्काल मुकदमा दर्ज कर आरोपी महिला की तलाश शुरू कर दी गयी। जिसे पुलिस ने बीती रात उदय होटल के पास से गिरफ्तार किया। गिरफ्तारी के दौरान आरोपी महिला के पास से दीपक से लिए गये फिरौती के 50 हजार रुपये की नकदी और एक फर्जी आधार कार्ड बरामद हुआ।

# करोड़ों की साइबर ठगी करने के चार आरोपी को पुलिस ने दबोचा

**ऊधमसिंहनगर (नजरिया खबर ब्यूरो)।** पुलिस ने एक बड़े साइबर धोखाधड़ी रैकेट का भंडाफोड़ करते हुए चार शातिरों को गिरफ्तार किया है। यह गिरोह संगठित तरीके से करोड़ों रुपये की धोखाधड़ी को अंजाम दे रहा था। इस कार्रवाई के तहत अब तक कुल छह आरोपियों को गिरफ्तार किया जा चुका है, जबकि चार अन्य फरार चल रहे हैं जिनकी तलाश में छापेमारी जारी है।



पुलिस की गिरफ्त में आरोपी।

मामला 29 मई 2025 को तब सामने आया, जब हरबंस लाल नाम के व्यक्ति ने रुद्रपुर के भारतीय स्टेट बैंक की किच्छा रोड शाखा में अपने खाते से 49,999.99 की धोखाधड़ी कर निकाले जाने की शिकायत दर्ज कराई। शिकायत के आधार पर थाना रुद्रपुर में मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी गयी। जांच के दौरान पता चला कि हरबंस लाल के खाते से निकाले गए पैसे आईडीबीआई बैंक के खाताधारक मनोज सैनी के खाते में यूपीआई के माध्यम से जमा हुए थे। सर्विलांस की मदद से पुलिस ने मनोज सैनी और अजय सैनी निवासी काशीपुर को 30 मई को गिरफ्तार किया। पूछताछ में मनोज सैनी ने बताया कि उसने अपना आईडीबीआई बैंक खाता, एटीएम कार्ड, सिम कार्ड और चेक बुक अजय सैनी के माध्यम से पुष्पेन्द्र उर्फ पोरस कुमार और सत्यपाल को दिए थे। इन खातों से 3 करोड़ से अधिक का लेनदेन हुआ था, जिसके कमीशन के तौर पर सत्यपाल ने मनोज सैनी को 70 हजार रूपये पंजाब एंड सिंध बैंक के खाते में भेजे थे। मामले में फरार चल रहे पुष्पेन्द्र और सत्यपाल की तलाश में पुलिस टीमें लगातार जुटी हुई थीं। जिन्हे एक सूचना के बाद रामपुर रोड फ्लाईओवर के पास से सुबह हिरासत में ले लिया गया। पूछताछ में सत्यपाल और पोरस ने खुलासा किया कि वे अपने साथियों विशुराज मौर्या, रोहित कुमार और रितिक सोलंकी के साथ मिलकर लोगों के करेंट अकाउंट को किराए पर लेते थे। इन खातों का उपयोग ऑनलाइन गेमिंग और साइबर ठगी के पैसे प्राप्त करने के लिए किया जाता था। उन्होंने यह भी बताया कि मनोज सैनी का खाता और उससे संबंधित दस्तावेज उन्होंने विशुराज मौर्या, रोहित कुमार और रितिक सोलंकी को दिए थे। सत्यपाल ने बताया कि उसने अपना आईडीबीआई और केनरा बैंक का खाता किराए पर चलवाया था, जिसके लिए उसे 90 हजार का कमीशन मिला था।

## मोबाइल छिनौती की घटना का पुलिस ने किया खुलासा

**देहरादून।** पटेलनगर क्षेत्र में हुई मोबाइल छिनौती की घटना का दून पुलिस ने खुलासा किया है। पुलिस ने दो अभियुक्तों को गिरफ्तार किया है। अभियुक्तों के कब्जे से घटना में छीना गया मोबाइल बरामद किया गया है। घटना में प्रयुक्त स्कूटी को सीज किया गया है। वादिनी रिचा पुत्री गोविन्द सिंह निवासी संजय कॉलोनी पटेलनगर देहरादून द्वारा कोतवाली पटेलनगर देहरादून पर तहरीर दी गयी कि 02 अज्ञात स्कूटी सवार अभियुक्त उनका मोबाइल फोन ओपो कम्पनी संजय कॉलोनी के पास से छीन कर भाग गये। अभियुक्त पुनः उक्त मोबाइल फोन को बेचने की फिराक में थे, इससे पूर्व ही पुलिस टीम द्वारा उन्हें गिरफ्तार कर लिया गया। माल बरामदगी के आधार पर मुकदमा उपरोक्त में धारा 317(2)/3(5) बीएनएस की बढ़ोत्तरी की गयी।

## लाखों के नकली अंग्रेजी शराब के खाली पव्वे, जाली मोनोग्राम बरामद, एक दबोचा

**देहरादून (नजरिया खबर ब्यूरो)।** राजधानी में नकली शराब पर कार्रवाई करते हुए आबकारी विभाग की टीम ने हरियाणा से शराब लाकर उसे उत्तराखंड के लोगो लगे पव्वो में भरकर बेचने वाले एक व्यक्ति को रायपुर क्षेत्र से गिरफ्तार किया है। जिसके पास से करीब डेढ़ लाख रुपए की अंग्रेजी शराब के खाली पव्वे और उत्तराखंड शराब के जाली मोनोग्राम बरामद किए हैं।

जानकारी के अनुसार गिरफ्तार व्यक्ति सहारनपुर का रहने वाला है और पिछले कुछ समय से एक अन्य व्यक्ति के साथ मिलकर हरियाणा से शराब लाकर देहरादून में दूसरी बोतल में भरने के बाद उत्तराखंड के लोगों लगाकर बेचने का काम करता था और आज भी देहरादून में शराब लाकर बेचने की फिराक में था। लेकिन आबकारी विभाग की टीम ने इस व्यक्ति को रायपुर क्षेत्र से अवैध शराब के साथ गिरफ्तार कर लिया। ये व्यक्ति जिस कार में शराब ला रहा था उस कार पर एडवोकेट का एक स्टीकर भी लगा हुआ है जबकि यह गाड़ी उत्तर प्रदेश के सहारनपुर आरटीओ में पंजीकृत है। आबकारी निरीक्षक प्रेरणा बिष्ट ने जानकारी देते हुए बताया कि अवैध शराब के खिलाफ आबकारी विभाग सख्ती से लगातार नियमित कार्रवाई कर रहा है और आज भी एक गोपनीय सूचना के आधार पर अवैध रूप से शराब का काम करने वाले सहारनपुर निवासी विकास नाम के व्यक्ति की गिरफ्तारी की गई है।

## आपसी सौहार्द, एकता और धार्मिक आस्था के साथ बोंला गांव में आयोजित हुआ अखंड रामायण पाठ

**चमोली।** विकासखंड कर्णप्रयाग के तहत रानीगढ़ पट्टी के गांव बोंला में आपसी सौहार्द, एकता और धार्मिक आस्था के साथ गांववासियों ने अखंड रामायण पाठ का आयोजन किया।

कार्यक्रम में विशेष रूप से गांव की मातृशक्ति की सहभागिता के कारण पूरा गांव सम्पूर्ण रूप से भक्तिमय बना रहा। सामुहिक रूप से आयोजित हुऐ अखंड रामायण पाठ में शम्भू प्रसाद थपलियाल, रमेश थपलियाल, दिनेश थपलियाल, प्रकाश थपलियाल, गिरीश थपलियाल, मुकेश थपलियाल, विजय थपलियाल, सुनील थपलियाल, पवन थपलियाल, रजत थपलियाल आदि श्रद्धालुजन मौजूद रहे।

## न्यूज डायरी

### देवभूमि उद्योग व्यापार मंडल आगामी 25 जून को नवनिर्मित कालूसिद्ध मंदिर में पूजा अनुष्ठान कर भंडारे का होगा आयोजन



**हल्द्वानी।** देवभूमि उद्योग व्यापार मंडल ने आगामी बुधवार 25 जून 2025 को नगर के आराध्य देव कालूसिद्ध बाबा के नवनिर्मित मंदिर में पूजा अनुष्ठान के उपरांत भव्य भंडारे का आयोजन का निर्णय लिया है,गुरुनानक मार्केट हल्द्वानी प्रदेश कार्यालय में प्रदेश अध्यक्ष हुकम सिंह कुंवर की अध्यक्षता में हुई बैठक में उक्त निर्णय लिया,इस अवसर पर प्रदेश अध्यक्ष हुकम सिंह कुंवर ने कहा कि कालूसिद्ध बाबा का मंदिर हमारी आस्था का केंद्र है,नए मंदिर में इसकी स्थापना के बाद देवभूमि उद्योग व्यापार मंडल पूजा के साथ साथ भंडारा भी करेगा, हुकम सिंह कुंवर ने पूजा अनुष्ठान एवंम भंडारे के आयोजन हेतु कमेटी का गठन किया गया जिसमें प्रदेश उपाध्यक्ष गोपाल भट्ट,अविनाश गोयल,विनय चौहान, को जिम्मेदारी दी गई,

## हल्द्वानी में सारथी फाउंडेशन समिति की बैठक हुईसंपन्न

**हल्द्वानी (नजरिया खबर ब्यूरो)।** सारथी फाउंडेशन समिति द्वारा ट्रान्सपोर्ट नगर हल्द्वानी में संस्था के अग्रिम होने वाले कार्यक्रमो को लेकर योजना रचना बैठक आयोजित की गई।




संस्था के अध्यक्ष नवीन पन्त के द्वारा अध्यक्षता एवं सचिव ज्ञानेंद्र जोशी के द्वारा बैठक का संचालन किया गया, बैठक में ट्रान्सपोर्ट नगर के सारथी फाउंडेशन समिति से जुड़े सदस्यों के ट्रान्सपोर्ट नगर ब्यापारी ऐसोसिएशन में पदाधिकारी एवं सदस्य बनने पर सारथी फाउंडेशन समिति द्वारा टांसपोर्ट नगर ब्यापारी ऐसोसिएशन अध्यक्ष प्रदीप सबरवाल, महामंत्री खीमानंद शर्मा, कोषाध्यक्ष पंकज वोहरा, संरक्षक चन्द्र शेखर पाण्डे, मुकेश खन्ना, सदस्य अंकुर श्रीवास्तव को फूलमाला, गुलदस्ता,पटका पहनाकर एवं मिठाई खिलाकर स्वागत अभिनन्दन किया गया, सारथी संस्था के अध्यक्ष नवीन पन्त ने सभी को सम्बोधित करते हुए कहा कि बहुत गर्व की बात है कि कर्मठ अनुभवी यूवाओ की जो टीम ट्रान्सपोर्ट नगर ऐसोसिएशन की बनी है वह ब्यापारी हित जनहित एवं समाज के सभी वर्गो को साथ लेकर कार्य करेगी और नित नए आयाम बनाते हुए सभी नवनियुक्त टीम का कार्यकाल यादगार होगा।

## पेज 01 का शेष...

### नैनीताल में 126 करोड़ की 27 विकास परियोजनाओं का मुख्यमंत्री धामी ने किया लोकार्पण एवं शिलान्यास

धर्मांतरण, लव जिहाद, लैंड जिहाद आदि के विरुद्ध कठोर कदम उठाए गए हैं। समान नागरिक संहिता लागू करने वाला उत्तराखंड देश का पहला राज्य है और यहां देश का सबसे सख्त नकल विरोधी कानून भी लागू किया गया है। गौवंश संरक्षण हेतु "गौ संरक्षण कानून" के तहत ठोस प्रयास किए जा रहे हैं। मुख्यमंत्री ने कहा कि कहा कि राज्य सरकार ने भ्रष्टाचार के खिलाफ 'जीरो टॉलरेंस' की नीति अपनाई है और पिछले तीन वर्षों में 200 से अधिक भ्रष्टाचारियों को जेल भेजा गया है। उन्होंने जनता से अपील की कि उत्तराखंड को देश का अग्रणी राज्य बनाने के लिए विकास यात्रा में सभी नागरिकों को सहभागी बनना होगा। इन योजनाओं का किया गया लोकार्पणः ओखलकांडा में क्षतिग्रस्त 11 नहरों का पुनर्निर्माण, भीमताल में जिला आयुर्वेदिक भवन, रामगढ़ में मल्ला सूफी–रूसानी–दीगड़–कफूवा लोधिया मोटर मार्ग, बेतालघाट में मल्ली सेठी लिफ्ट सिंचाई योजना, हल्द्वानी में पशु चिकित्सालय में वाहनों की पार्किंग एवं पशुओं हेतु ओटी निर्माण, कालाढूंगी में पशु चिकित्सालय भवन, गंगापुर कबडवाल में गौशाला निर्माण (फेज–1), रामनगर में राजकीय पॉलीटेक्निक भवन और पाण्डे नवाड़ हल्द्वानी में पुनर्वास केंद्र का जीर्णोद्धार।

स्वत्वाधिकारी नजरिया खबर के लिए स्वामी, प्रकाशक, मुद्रक गीता जायसवाल द्वारा श्रेष्ठा प्रिन्टर्स, वार्ड नं.03,पो.ओ. लालकुंआ जिला–नैनीताल, उत्तराखण्ड से मुद्रित तथा 14–डी मीडो प्लाजा, प्रथम तल राजपुर रोड देहरादून, उत्तराखंड से प्रकाशित सम्पादक : विजय जायसवाल फोन नं. – 0135&2740930, 9837027458 RNI NO: UTTHIN/2008/25052 प्रकाशन सम्बन्धी सभी विवादों का निस्तारण सिर्फ देहरादून न्यायालय होगा। E-mail: nazariakhabar@gmail.com

Website : www.nazariyakhabar.com

डाक पंजीयन : UA/DO/DDN/402/2017-19